संख्या-1580/23-11-15-1/2(298)/2014

प्रेषक,

जय प्रकाश तिवारी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 लखनऊ : दिनांक 26 मार्च, 2015

विषय:- चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में सड़क सुरक्षा हेतु जनपद बाराबंकी में महत्वपूर्ण मार्गो पर रोड फर्नीचर/सौन्दर्यीकरण कार्यो की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक-90/रोड सेफ्टी/2015, दिनांक 18-03-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल जनपद बाराबंकी में निम्लिखित महत्वपूर्ण 04 मार्गो पर रोड फर्नीचर/सौन्दर्यीकरण कार्यो हेतु कुल लागत रू0 283.30 लाख (रूपये दो करोड़ तिरासी लाख तीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये लागत के सापेक्ष रू0 28.00 लाख (रूपये अट्ठाईस लाख मात्र) की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में व्यय हेतु निम्न लिखित विवरणानुसार तथा शर्तो/प्रतिबन्धों सहित अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	वित्तीय वर्ष 2014-15 में आवंटन
1	2	3	4	5
1	बाराबंकी	बाराबंकी में पुराने राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित बाराबंकी शहरों के बाईपास मार्ग के असैनी मोड़ पर चौराहा सुधार का कार्य।	63.71	6.00
2	बाराबंकी	जनपद बाराबंकी में बाराबंकी-देवा-फतेहपुर मार्ग (प्र0जि0मा0) एवं देवा-चिनहट मार्ग (प्र0जि0मा0) पर स्थित देवा मोड़ पर चौराहा सुधार का कार्य।	76.43	8.00
3	बाराबंकी	जनपद बाराबंकी में देवा-चिनहट मार्ग (प्र0जि0मा0) पर स्थित शारदा नहर मोड़ पर चौराहा सुधार का कार्य।	23.40	2.00
4	बाराबंकी	जनपद बाराबंकी में बाराबंकी-देवा-फतेहपुर मार्ग (प्र0जि0मा0) के कि0मी0 30 में स्थित पटेल चौराहा व बेलहरा चौराहा का सुधार।	119.76	12.00
		योग:-	283.30	28.00

2/-